संख्या-111/2017/आर-15 आयोग/26-3-2017-68(आयोग)/2016

प्रेषक,

कामता प्रसाद,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 13 जुलाई, 2017

विषयः- ट्रांसलेम ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूटशन मेरठ के अनुसूचित जाति छात्र-छात्राओं द्वारा वर्ष 2012-13 की दशमोत्तर अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, नई दिल्ली में योजित वाद के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय समाज कल्याण के पत्रांक-4266-67/सक/शिक्षा-अ/2016-17, दिनांक-24.11.2016 द्वारा उपलब्ध करायी आख्या पर सम्यक्विचारोपरान्त मा0 आयोग के निर्देशों के अनुपालन में वादी शिक्षण संस्था ट्रांसलेम ग्रुप आफ इन्स्टीटयूशन मेरठ के वर्ष 2012-13 की अनुसूचित जाति छात्र-छात्रों की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की देय धनराशि पायी गयी रूपया-7,25,900/- (रूपया सात लाख पच्चीस हजार नौ सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-83 में योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि जिसकी स्वीकृति पूर्व में निर्गत करके आपके निवर्तन पर रखी गयी है, से भुगतान की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि छात्रवृत्ति की धनराशि सीधे छात्र-छात्राओं के खातें में हस्तानान्तरित की जायेगी।

2- उक्त धनराशि के भुगतान की अनुमति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-02.01.2017 में उल्लिखित प्राविधानों के अधीन निर्गत किये जा रहें।

भवदीय

कामता प्रसाद
अनुसचिव

पृ0संख्या-111/2017/आर-15 आयोग(1)/26-3-2017 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, मेरठ
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. रिसर्च आफिसर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, 5वां तल लोकनायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली।
5. जिला समाज कल्याण अधिकारी, मेरठ।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

कामता प्रसाद
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in